भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1736**

दिनांक 13.03.2013/ 22 फाल्गुन, 1934 (शक) को उत्तर के लिए

**आंध्र प्रदेश में नये समुद्री पुलिस स्टेशन**

**1736. श्रीमती टी० रत्नाबाई :**
**श्री मोहम्मद अली खान :**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने देश में विशेषकर आंध्र प्रदेश में विशाखापटनम से ओंगोल जिले तक के तटीय क्षेत्रों में नये समुद्री पुलिस स्टेशनों की अनुमति दी है;
(ख) यदि हां, तो ग्यारहवीं और बारहवीं योजना अवधि में तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और
(ग) इस प्रयोजनार्थ आवंटित की गई, जारी की गई और अब तक खर्च की गई धनराशि कितनी-कितनी है?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन)

**(क) से (ग) : सरकार, तटीय सुरक्षा योजना को दो चरणों में कार्यान्वित कर रही है । तटीय सुरक्षा योजना के चरण-। को 31.3.2011 तक कार्यान्वित किया गया था । इस योजना का परिव्यय 646 करोड़ रुपए है, जिसमें 6 वर्षों के लिए 495 करोड़ रुपए, अनावर्ती व्यय को वहन करने तथा 151 करोड़ रुपए आवर्ती व्यय को वहन करने के लिए है । तटीय सुरक्षा योजना के चरण-। के अन्तर्गत संस्वीकृत तटीय समुद्री पुलिस खानों तथा निर्माण-कार्यों के लिए संस्वीकृत धनराशि का ब्यौरा निम्नलिखित है :-**

| क्रम सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | तटीय सुरक्षा योजना चरण-। के अन्तर्गत संस्वीकृत तटीय पुलिस थानों की संख्या | संस्वीकृत धनराशि (लाख रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1. | गुजरात | 10 | 842.60 |
| 2. | महाराष्ट्र | 12 | 692.60 |
| 3. | गोवा | 3 | 153.50 |
| 4. | कर्नाटक | 5 | 211.90 |
| 5. | केरल | 8 | 356.00 |
| 6. | तमिलनाडु | 12 | 808.00 |

.....2/-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7. | आन्ध्र प्रदेश | 6 | 267.00 |
| 8. | ओडिशा | 5 | 265.75 |
| 9. | पश्चिम बंगाल | 6 | 353.40 |
| 10. | दमन और दीव | 1 | 68.35 |
| 11. | पुडुचेरी | 1 | 44.50 |
| 12. | लक्षद्वीप | 4 | 136.80 |
| 13. | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | - | 103.90 |

चौकसी उपकरणों, कम्प्यूटरों और फर्नीचर के लिए प्रति पुलिस थाना 10 लाख रुपए की एकमुश्त सहायता का प्रावधान किया गया है ।

तटीय सुरक्षा योजना का चरण-।।, 9 तटीय राज्यों और 4 संघ राज्य क्षेत्रों में 1579.01 करोड़ रुपए (अनावर्ती व्यय के लिए 1154.91 करोड़ रुपए तथा आवर्ती व्यय के लिए 425 करोड़ रुपए) के कुल वित्तीय परिव्यय के साथ 01 अप्रैल, 2011 से प्रारंभ करके 5 वर्ष की अवधि के दौरान कार्यान्वित किए जाने के लिए अनुमोदित किया गया है । तटीय सुरक्षा योजना के चरण-।। के अन्तर्गत संस्वीकृत तटीय समुद्री पुलिस खानों तथा निर्माण कार्यों के लिए संस्वीकृति धनराशि का ब्यौरा निम्नलिखित है :-

| क्रम सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | तटीय सुरक्षा योजना चरण-।। के अन्तर्गत संस्वीकृत पुलिस थानों की संख्या | संस्वीकृत धनराशि (लाख रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1. | गुजरात | 12 | 1104.40 |
| 2. | महाराष्ट्र | 7 | 243.00 |
| 3. | गोवा | 4 | 77.76 |
| 4. | कर्नाटक | 4 | 384.80 |
| 5. | केरल | 10 | 400.00 |
| 6. | तमिलनाडु | 30 | 2379.20 |
| 7. | आन्ध्र प्रदेश | 15 | 1392.10 |
| 8. | ओडिशा | 13 | 223.22 |
| 9. | पश्चिम बंगाल | 8 | 200.00 |
| 10. | दमन और दीव | 2 | 98.00 |
| 11. | पुडुचेरी | 3 | 510.11 |
| 12. | लक्षद्वीप | 3 | 309.19 |
| 13. | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 20* | 2702.00 |

* मौजूदा पुलिस थानों का स्तरोन्नयन तटीय पुलिस थानों के रूप में किया जाना है ।

रात्रि में अभियान चलाने की क्षमता बढ़ाने वाले उपकरणों सहित चौकसी उपकरणों के लिए प्रति पुलिस थाना 15 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है ।

*****